<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 को बताया गौरवमयी उपलब्धियों का वर्ष। कहा–ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिये गर्व का प्रतीक।
- मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया विकसित भारत का मंत्र। कहा– रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है भारत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में निर्माणाधीन एनसीसी एकेडमी का किया निरीक्षण। कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश।
- लेखपाल के सात हजार नौ सौ चौरानबे पदों के लिये संशोधित विज्ञापन जारी। आज से अट्ठाइस जनवरी तक किया जा सकेगा ऑनलाइन आवेदन।,
- प्रदेश भर में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी। कक्षा बारहवीं तक के सभी स्कूल एक जनवरी तक बन्द।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करने के कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

***आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने–कोने से माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आई। लोगों ने अपनेदृअपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किये।***

श्री मोदी ने वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की।

***यही जज्बा तब भी देखने को मिला, जब 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हुए। मैंने आपसे आग्रह किया था कि हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजें। देशवासियों ने इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।***

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2026 को विकसित भारत की दिशा में देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने लोगों को एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग के प्रति भी आगाह किया।

श्री मोदी ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा चरण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'युवा नेता संवाद' में वे स्वयं भी भाग लेंगे।

***अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगा। इसी दिन यंग लीडर्स डॉयलाग्स का भी आयोजन होगा और मैं भी इसमें जरूर शामिल होऊंगा। इसमें हमारे युवा इनोवेशन, फिटनेस, स्टार्टअप और एग्रीकल्चर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने आइडिया शेयर करेंगे।***

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं के विकास के लिए नए रास्ते खुल रहे हैं।

***युवाओं को प्रतिभा दिखाने के नए–नए अवसर मिल रहे हैं। ऐसा ही एक प्लेटफार्म है स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक और ऐसा माध्यम जहां आइडिया एक्शन में बदलते हैं। इस हैकथॉन के दौरान 80 से अधिक सरकारी विभागों की 270 से ज्यादा समस्याओं पर स्टूडेंट्स ने काम किया।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल तीन दिवसीय पाचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है और इसका सबसे बड़ा इंजन देश की युवा शक्ति है। श्री मोदी ने राज्यों से विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र को नई गति देने का आहवान करते हुए कहा कि भारत को एक वैश्विक सेवा महाशक्ति बनाने की दिशा में साझा प्रयास जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब देश अगली पीढ़ी के सुधारों का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस जन सांख्यिकी को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जाय। सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कई पोस्ट किये और कहा कि राज्यों को मैन्युफेक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ–साथ कारोबार सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा।

**********

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रमों का दौर जारी है। आयोजन के दूसरे दिन कल तत्वकलश तत्वहोम आदि अनुष्ठान सम्पन्न किए गए। सांध्या बेला में देव विग्रह पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी प्रतिदिन मन्दिर की तीन परिक्रमा करती है। पूजन में लगे आचार्यों के अनुसार यह अनुष्ठान सृष्टि तत्वों को संतुलित करने का वैदिक विज्ञान है। मुख्य आयोजन 31 दिसंबर को होगा जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के ताल कंदला में निर्माणाधीन एनसीसी एकेडमी का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि एकता और अनुशासन के आदर्श वाक्य वाला यह केन्द्र गोरखपुर–बस्ती मण्डल के सात जिलों सहित गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने एकेडमी के मॉडल और ड्राइंग मैप का अवलोकन कर यहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

इससे पूर्व लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन–'पुलिस मंथन' के समापन समारोह में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था और जातीय–धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाना ज़रूरी है। इस क्रम में श्री योगी ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था को और मजबूत करने विशेषकर सोशल मीडिया और साइबर अपराध पर सख़्त निगरानी रखने के निर्देश दिये। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संगठित अपराध रोकने के लिए सख़्त कार्रवाई की जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का राज्य कायम करने के लिए जवाबदेह पारदर्शी और संवेदनशील पुलिस बल जरूरी है।

***दक्ष, न्यायप्रिय, पारदर्शी, जवाबदेह और निष्ठा के साथ जनसेवा के प्रति संवेदनशील जो पुलिस बल है, यही अंततः कानून का राज स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करेगा और जो हम सबके जीवन का संकल्प है। यह कानून का राज ही है जो देश के अंदर सबसे बड़ी आबादी के राज्य के मन में आधी आबादी के मन में जो सबसे असुरक्षित अपने आप को महसूस करती थी। उन सबके मन में एक नया विश्वास पैदा कर रही है और मैं मानता हूं इसी कानून के राज के लिए हमें अपने आप को अपडेट होना पड़ेगा, हर एक परिस्थिति से हर चुनौती से जूझने के लिए तैयार होना पड़ेगा।***

**********

राजस्व परिषद से मिले नये प्रस्ताव के आधार पर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल के सात हजार नौ सौ चौरानबे पदों के लिये संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया है, जिसमें श्रेणीवार आरक्षण में बदलाव हुआ है। ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू होकर अट्ठाइस जनवरी तक किया जा सकेगा। इससे पहले आयोग ने गत सोलह दिसम्बर को लेखपाल भर्ती का विज्ञापन जारी किया था, लेकिन आरक्षण को लेकर युवाओं और राजनीतिक दलों ने आपत्ति दर्ज करायी थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुनः आरक्षण प्रक्रिया तय की गयी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि संशोधित श्रेणीवार आरक्षण आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

**********

प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जन–जीवन प्रभावित है। पूर्वांचल के सभी जिलों में तापमान में तेज़ी से गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं पश्चिमी जिलों में भी सर्द हवा के चलते गलन बढ़ गयी है। मौसम के इस रूख का प्रभाव सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी है जबकि अधिकांश ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कई विमानों की उड़ान रद्द होने की भी खबर है। राज्य सरकार की तरफ से ठंड से राहत और बचाव के लिये सभी कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर के कक्षा बारहवीं तक के सभी स्कूल एक जनवरी तक के लिये बन्द कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि शीतलहर को देखते हुए रैन बसेरों का संचालन सुचारू रूप से किया जाय। सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी बेसहारा और जरूरतमंद व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की जाय। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों तक ठंड और कोहरा इसी तरह बरकरार रहेगा।

**********